# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री


एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

2





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### पांचवी-आठवीं का परिणाम कल

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत पांचवी एवं आठवीं कक्षा के अलावा स्थानीय स्तर की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम कल 30 अपैरल को जारी किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पांचवी एवं आठवी की इस बार केन्द्रीयकृत परीक्षा का आयोजन किया गया था और कापियों का मूल्यांकन विकासखंड़ बदलकर कराया गया था। उक्त दोनों कक्षाओं का अंकसूची संबंधित विद्यालयों के प्रधान पाठक के जिम्मे वितरण करने के लिए दिया जाएगा। वहीं स्थानीय स्तर के अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी कल 30 अप्रैल को जारी किया जाएगा। इस तरह अप्रैल माह के अंतिम दिन विद्यालयों में चहल-पहल देखने को मिलेगा।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट 1 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 1 मई गुरूवार को प्री-पॉलीटेक्निक (पीपीटी 2025) प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 से 12:15 बजे तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होना नियत है। अतएव उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके।

### शिक्षिका मीना हुई सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक की शिक्षिका मीना जायसवाल को



एफएनएल सहायक नवाजतन वारियर्स के रूप में चयनित किया गया है। सम्मान समारोह में उप संचालक लोक शिक्षण योगेश शिवहरे, प्रोजेक्ट प्रभारी सुनील मिश्रा, परियोजना अधिकारी दीपेश पुरोहित, जिले की कोर टीम के सदस्य रूद्र प्रताप राणा, खुशबू दास तथा रूम टू रीच संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य के कैबिनेट मंत्री द्वारा मीना जायसवाल को सम्मानित किया गया।

### नेत्र रोगियों को बांटे गए फल

**मनेन्द्रगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात भर्ती नेत्र रोगियों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक नेत्र अधिकारी आरडी दीवान एवं समाजसेवी तथा पतंजलि योग समिति के संरक्षक ठाकुर प्रसाद केसरी ने किया। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की प्रभारी बलबीर कौर, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, योग साधक कविता मंगतानी, पिंकी सलूजा, कल्पना सिंह राजपूत, जसवीर सिंह रैना, राकेश अग्रवाल, जगदंबा अग्रवाल, रामसेवक विश्वकर्मा, अर्चना सेजपाल, विवेक तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक नेत्र अधिकारी ने कहा कि समिति केवल योग एवं प्राणायाम के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा कार्यों, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी योगदान देती है।



आए आंधी ने वृक्ष इस तरह हो गए धराशायी।

### तापमान में गिरावट गर्मी से थोड़ी राहत

कोरिया जिले में मौसम में बदलाव आने के बाद करीब 10 डिग्री तक तापमान में गिरावट हुई, जिससे भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। रविवार एवं सोमवार को तापमान लुढ़क कर करीब 35 तक आ पहुंची। इस दौरान आसमान में बादलों के छाए रहने एवं तापमान कम होने से गर्मी से राहत लोगों को मिली। उल्लेखनीय है कि अपैरल माह के तीसरे सप्ताह के शुरूआत में तापमान 45 तक पहुंच गया था और लू के हालात बनने लगे थे कि अचानक मौसम में बदलाव से तापमान कमी हो गई।

# आंधी-पानी ने बरपाया कहर, गिरे पेड़

**जनजीवन प्रभावित, बदले मौसम का असर सेहत पर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम के मिजाज में आए बदलाव के कारण अप्रैल माह के अंतिम दौर में बे-मौसम बारिश के साथ कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई, इसके चलते तापमान में गिरावट हुई, जिससे कि गर्मी से थोड़ी राहत मिल गई।

सोमवार को सुबह से ही मौसम खुशनुमा बना रहा और हल्के बादल आसमान में छाए रहे, इसी बीच जिले के कुछ क्षेत्रों में पानी की बड़ी-बड़ी बूंदे गिरने लगी, कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई तो कहीं पर तेज बौछार पड़ी। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 10 बजे के लगभग जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई व बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं जिले के कई क्षेत्र ऐसे रहे, जहां केवल बूंदाबांदी होकर थम गई। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर जनपद के छरछा बस्ती व आस-पास के क्षेत्र में कुछ मिनट की हल्की बारिश हुई बारिश के साथ ओले भी गिरे, यह बारिश शहर सीमा तक रही, जबकि शहर में बारिश का अता-पता नहीं रहा, केवल बूंदाबांदी होकर थम गई। इस तरह जिले में दूसरे दिन भी बे मौसम बारिश कई क्षेत्रों में हुई। इसके एक दिन पूर्व रविवार को अपरान्ह बाद जिलेभर में तेज आंधी का दौर चला साथ ही कई क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान कई क्षेत्रों में पेड़ों के डंगाल भी गिरे।



हो रही बारिश से भीगी सड़क।



धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

# ठेका श्रमिकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- एसईसीएल घेराव का सीटू ने किया नेतृत्व

कोयला श्रमिक संघ (सीटू) के नेतृत्व में 28 अप्रैल को सैकड़ों ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल बैकुंठपुर मुख्यालय का दिनभर घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

सीटू के लाल झंडे तले एकजुट हुए श्रमिकों के समर्थन में स्थायी कर्मचारी भी धरना स्थल पर डटे रहे। धरने को संबोधित करते हुए सीटू के क्षेत्रीय सचिव इंद्रदेव चौहान ने बताया कि ठेका श्रमिकों का शोषण आज भी जारी है।

एचपीसी की सिफारिशें जारी हुए 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद उसे पूर्णरूप से लागू नहीं किया गया है। श्रमिकों को न तो निश्चित तिथि पर वेतन दिया जाता है और न ही मासिक भुगतान की गारंटी है। श्री चौहान ने बताया कि संघ द्वारा प्रबंधन को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। यदि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो कंपनी स्तर पर समस्त ठेका श्रमिकों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में बैकुंठपुर क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों से आए ठेका श्रमिकों और सीटू कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरने को क्षेत्रीय पदाधिकारियों रमन कुमार सिंह, दिलीप पासवान, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, वंशगोपाल सिंह, विनोद गुप्ता, राजाराम जाता, रमेश जनता, उदय नारायण ठाकुर, मानिकचंद और बलजिंदर सिंह ने संबोधित किया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## रेलवे मनोरंजन सदन में टैलेंट हंट शो, प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। आवश्यकता है केवल एक मंच और सही प्रोत्साहन की। आइए, हम सब मिलकर नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दें, उनका हौसला बढ़ाएं और उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। एक छोटी-सी सराहना, एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

उक्ताशय के उदगार बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में रेलवे मनोरंजन सदन मनेन्द्रगढ़ में टैलेंट हंट शो के अवसर पर राजेश खोबरागड़े व्यक्त कर रहे थे। टैलेंट हट का आयोजन ⏭ शेष पेज 4 पर

## नशीली कैप्सूल की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध नशीली दवाईयों की तस्करी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी पटना पुलिस ने की है। 26 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बसवाही निवासी राजेश गुप्ता के द्वारा उत्तरप्रदेश से लाकर मोटर सायकल से नशीली दवा कैप्सुल करहियाखाड़ का विजय कुमार तथा गिरजापुर का सकील खान को बेचने के लिए मुरमा रोड किनारे खंडहरनुमा मकान के आसपास सुनसान स्थान पर आने वाला है। इस सूचना पर विशेष टीम के प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान एवं स्टाफ द्वारा पटना क्षेत्रांतर्गत मुरमा रोड में घेराबंदी किया गया, इस दौरान नशीली दवाईयां जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना पटना में अपराध क्रमांक 97/25 धारा 22(बी), 22(सी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

## चरचा कॉलरी से एनएच-43 तक जाने वाला मुख्य मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



नगर पालिका शिवपुर चरचा से जिला मुख्यालय तक पहुंचने वाले मुख्य मार्ग एनएच-43 को रेलवे ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के चलते बीते एक सप्ताह से बंद कर दिया गया है।

मार्ग बंद होने से आमजन सहित व्यापारी वर्ग को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग अवरुद्ध होने के चलते छोटे-बड़े सभी वाहनों को छठघाट के संकरे रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है, इससे पुल पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है और लोगों को आशंका है कि कहीं पुल क्षतिग्रस्त न हो जाए। वहीं एसईसीएल साइडिंग प्वाइंट से कोयला लोड होने के बाद भारी ट्रेलर भी इसी वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रेलवे ठेकेदार ने बिना पूर्व सूचना दिए मार्ग को बंद कर दिया, जिससे आम जनता को वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर मुख्य मार्ग को चालू कराया जाए। जनता ने स्थानीय प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर मार्ग को शीघ्र खुलवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान आम जनता की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए था। अब सबकी निगाहें ठेकेदार और प्रशासन पर टिकी हैं कि वे कब तक राहत प्रदान कर पाते हैं।

## किसानों को वर्षों से लंबित समस्याओं से मिली मुक्ति



**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार ने कोरिया जिले के ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। विदित हो कि 8 से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार के पहले चरण में समस्या, शिकायत व मांग से संबंधित आवेदन लिया गया था।

अब दूसरे चरण में प्राप्त इन आवेदनों का समाधान द्रुतगति से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है। ग्राम मेको के निवासी सूरज प्रसाद, निकेश कुमार और दिनेश कुमार के आवेदन पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए किसान किताबें वितरित की गर्इं। पोड़ी बचरा तहसील के विभिन्न गांवों के किसानों को किसान पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी मानिकचंद द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती राजकुमारी के नाम पर खसरा नंबर 2081/1 को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इसी प्रकार, चिरमी और उरूमदुगा गांव के बुद्धू सिंह की भूमि का सीमांकन कर राजस्व रिकॉर्ड में सुधार किया गया। प्रशासन द्वारा आवेदकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर कार्य की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि शासन के निर्देश के तहत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका यथा समय समाधान की कार्रवाई की जा रही है साथ ही आवेदकों सूचित भी किया जा रहा है।

## डीएमएफ से विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

**बैकुण्ठपुर।** 28 अप्रैल छग शासन की लोकहितकारी पहल सुशासन तिहार के प्रथम चरण (8 अप्रैल से 11 अप्रैल) के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों से प्राप्त आवेदनों पर जिला प्रशासन कोरिया द्वारा तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में विकासखंड़ सोनहत के ग्राम पंचायत आनंदपुर निवासी जय भारत सिंह द्वारा समाधान शिविर में प्रस्तुत की गई दो महत्वपूर्ण मांगों का द्रुत गति से समाधान किया गया। ग्राम धनपुर से आनंदपुर मार्ग पर एप्रोच सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा प्राथमिक/माध्यमिक शाला गोयनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था। इन दोनों मांगों को जिला खनिज न्यास संस्थान मद के अंतर्गत स्वीकृत कर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत आनंदपुर में धनपुर-आनंदपुर मार्ग पर एप्रोच सीसी सड़क निर्माण तथा प्राथमिक शाला धनपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। इन मांगों के शीघ्र समाधान से ग्रामवासियों में शासन- प्रशासन के प्रति विश्वास, संतोष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ है। सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पारदर्शी एवं त्वरित रूप से पहुंचाना है और यह पहल जनसरोकारों को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सफल उदाहरण बन रही है। जय भारत सिंह सहित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है।

## सुशासन तिहार : विकलांग को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा में एक सराहनीय पहल करते हुए विकलांग व्यक्ति को मात्र दो दिनों में राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया।

जानकारी के अनुसार विकलांग व्यक्ति रविकांत पिता चंद्रिका ने नगर पालिका परिषद में राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात दो दिनों के भीतर नवीन राशन कार्ड प्रदान कर दिया। इस कार्य में उप अभियंता आलोक चक्रधारी, सहायक राजस्व निरीक्षक महेश्वरी पैकरा, सहायक ग्रेड 2 शशिभूषण श्रीवास्तव, महेन्द्र पाल, पार्षद कुंडल साय, सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल, सहायक ग्रेड 3 प्रवीण राजवाड़े, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, आरके सिंह, प्रभारी कम्प्यूटर ऑपरेटर उदय प्रसाद एवं अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

**लग्न के लिए सजकर तैयार हुआ शहर का बाजार**

# अक्षय तृतीया कल, जमकर गूंजेंगी शहनाइयां

खरमास समाप्त होने के बाद शुभ मुहूर्त में विवाह कार्य संपन्न हो रहे हैं। इसी बीच 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाया जाएगा। इस दिन विवाह के लिए सबसे शुभ मुहूर्त होता है, साथ ही इस दिन को अबुझ मुहूर्त भी माना गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

यही कारण है कि अक्षय तृतीया के दिन जमकर विवाह संपन्न कराए जाते हैं। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में जमकर विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

इस अवसर पर सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह संपन्न कराए जाते हैं। यही कारण है कि प्रशासन भी इस दिन के विवाह को लेकर अलर्ट रहता है कि कही किसी नाबालिक का विवाह तो नहीं हो रहा। जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया को प्रदेश में अक्ति पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ठंडा पानी, गुड़, सत्तु आम आदि का उपयोग करने के पूर्व दान किया जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन मिट्टी के गुड्ड़े गुड़ियों का विवाह संपन्न कराने की परंपरा चली आ रही है, जिसे बच्चों के माध्यम से निभाई जाती है, ताकि बच्चे विवाह का महत्व समझ सके।



### वैवाहिक सामानों की खरीदी में जुटे लोग

वैसे तो 14 अप्रैरल के बाद से विवाह के कई मुर्हूत निकल गए, जिनमें विवाह कार्य संपन्न कराए गए, लेकिन इसी माह के अंत में कल 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया विशेष मुर्हूत पर शादी संपन्न कराने के लिए कई दिनों पूर्व से बाजार में विभिन्न तरह के वैवाहिक सामग्रियों की खरीदी करने के लिए लोग शहर के बाजार में पहुंच कर कपड़ा, बर्तन, आभूषण, पूजा सामग्री सहित अन्य तरह की वैवाहिक सामग्रियों की खरीदी के लिए शहर के बाजार में पहुंचते रहे ,जिसके कारण बाजार में चहल-पहल सुबह से शाम ढलने के बाद तक देखने को मिल रही थी।

# समाधान शिविर का तीसरे चरण में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण (8 से 11 अप्रैल) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त पत्र के माध्यम से कोरिया जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत में शिविर आयोजित करने के लिए जिला एवं खंड़ स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे, जबकि श्रीमती दीपिका नेताम अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुंठपुर, राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सोनहत, खंड़ स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं।

### समाधान शिविर की प्रमुख तिथियां व स्थल

5 मई को बंजारीडांड, 7 मई को तोलगा, 9 मई को पोंड़ी, 10 मई को कटगोड़ी,14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फूलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुड़ार, 30 मई को सलगवांकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी ग्राम पंचायतवार आवेदन, निराकरण की स्थिति, लंबित प्रकरण तथा हितग्राही लाभ की जानकारी संकलित करेंगे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देंगे।

28-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/28/2025 7:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन 2 मई को

**सूरजपुर।** जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन ने जिला योजना समिति के गठन के निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की है। 2 मई को आयोजित इस निर्वाचन के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए समिति के सदस्यों की संख्या निर्धारित की है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जिला योजना समिति में कुल 10 सदस्य होंगे, जिनमें से 8 सदस्य निर्वाचन के माध्यम से चुने जाएंगे। इनमें नगरीय क्षेत्र से 1 सदस्य तथा ग्रामीण क्षेत्र से 7 सदस्य प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्वाचन 2 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नगरीय क्षेत्रों के नगर पालिका तथा जिले के समस्त नगर पंचायतों के निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद मतदान में भाग लेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से जिपं के निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे। मतदान सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक, नगरीय क्षेत्र का मतदान 12.30 बजे से 1 बजे तक, ग्रामीण क्षेत्र का मतदान 1 बजे से 1.30 बजे तक तथा परिणाम की घोषणा 2 बजे किया जाएगा।

### पेड़ों की अवैध कटाई पर लगे रोक : पंकज

**सूरजपुर।** जिला पंचायत के पूर्व सभापति पंकज तिवारी ने पेड़ों की अवैध कटाई पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए जिला प्रशासन एवं अनुविभागीय



अधिकारी को पत्र लिखकर नए वृक्ष की कटाई पर रोक लगाने की बात कही। श्री तिवारी ने कहा जहां हसदेव जंगल में आदिवासी वर्ग का बड़ा तबका जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं जो हर दिन खूनी संघर्ष को मजबूर हैं। हर आदिवासी जल जंगल और जमीन की लड़ाई में अपने साथ हमारी पीढ़ियों को भी सुरक्षित कर रहे हैं। सूरजपुर में इन दिनों बेतरतीब तरीके से नीलगिरी वृक्षों की कटाई भारी मात्रा में की जा रही है। बिना सुरक्षा के खुले ट्रैक्टर में 7 से 8 टन लकड़ी शहर से खुले आम ले जाया जा रहा है कोई देखने वाला नही। ट्रैक्टर चालक कई महीने से दूसरे राज्य से आकर निवास कर रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस अधिकारियों या प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात की संज्ञान ली। नीलगिरी के वृक्ष का दाम 4 रुपये किलो के दर से दिया जा रहा है। किसान 20 से 25 हजार पाने के लिए अपनी जरूरत को पूरा करने पेड़ों को बेच दे रहे है। जलवान लकड़ी की कीमत जहां 6 रुपए किलो है। स्थानीय लोगों को अपने घर का एक पेड़ बेचने के हजारों रुपए खर्च करके 4 महीने कार्यालयों का चक्कर काटना पड़ता है। श्री तिवारी ने बताया कि अब किसी भी प्रकार से यदि नए वृक्ष की कटाई हुई तो हम कानूनी रूप से कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेंगे और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### बालक गृह के बच्चों और आश्रम की माताओं को कराया गया भ्रमण

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिले में



ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित बालक बालगृह के दर्जनों बालक एवं खुशी वृद्धाश्रम में निवासरत दर्जनों वृद्ध माताएं को पर्यटक स्थल एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया। संस्था के संचालक ने बताया कि बालगृह के बच्चे एवं आश्रम की माताओं को एक दिवसीय पर्यटन एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया जिसमें सर्वप्रथम जिले के ग्राम चांदो कंदरी स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर का दर्शन कराया गया जहां सभी लोगों ने पूजा अर्चना की करने के साथ ही भ्रमण किया। वहीं उन्हें जावाखाड भुभका डेम का भ्रमण कराया गया। डेम का भ्रमण कर माताओं और बच्चों ने प्रसन्नता जाहिर की और भविष्य में भी इस तरह एक भ्रमण कार्यक्रम किए जाने का आग्रह किया। इस दौरान संस्था के संचालक प्रभाकर द्विवेदी, ममता द्विवेदी, अंकित गुप्ता एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, हालत गंभीर

**राजपुर।** रविवार को ग्राम झींगो गोपालपुर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक की बाइक अनियंत्रित



होकर सडक किनारे गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मुनवा निवासी 20 वर्षीय सुनील कोडाकू आ. फोलवा कोड़ाकू बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 4098 से से किसी काम से गोपालपुर की ओर गया हुआ था। शाम 4.30 बजे घर वापस लौटते समय करवां महान नदी के समीप युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक गड्ढे में गिर गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संजीवनी एम्बुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

---

गंभीर मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

# उद्घाटन के डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हो सका ट्रामा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेंटर भवन का उद्घाटन हुए डेढ़ साल हो गए बावजूद इसके आज तक ट्रामा सेंटर का संचालन शुरू नहीं हो सका। अस्पताल प्रबंधन की मांग पर कुछ उपकरण व राशि सीजीएमसी द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन नव निर्मित भवन में जगह व पर्याप्त उपकरण नहीं होने से ट्रामा सेंटर अस्पताल में शो पीस बन कर रह गया है। ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि भवन उद्घाटन के अब भवन में ऑर्थो विभाग का संचालन किया जा रहा है। जिस तरह से ट्रामा सेंटर के लिए प्रक्रिया चल रही है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रामा सेन्टर की सुविधा शुरू होने में और भी समय लग सकता है।

**खास बातें**

- डेढ़ साल पूर्व भवन का किया था उद्घाटन
- भवन में किया जा रहा आॅर्थो विभाग का संचालन

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा जहां स्वास्थ्य सुविधा का एक मात्र साधन मेडिकल कॉलेज अस्पताल है जहां जिले सहित दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में मरीज दाखिल होते है। जिला प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए नई-नई सुविधा अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ साल के भीतर ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न संसाधन सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी कड़ी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने वाले मरीजों के लिए अलग से 3 करोड़ 50 लाख की लागत से ट्रामा सेन्टर की स्वीकृति के बाद 1 करोड़ की लागत से भवन निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि भवन पूर्ण हुए डेढ़ साल गए है। बावजूद इसके आज तक ट्रामा सेंटर शुरू नहीं हो सका। जबकि अस्पताल में लम्बे समय से ट्रामा सेन्टर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन की मांग पर कुछ उपकरण व राशि सीजीएमसी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन सीजीएमसी द्वारा कई उपकरण की खरीदी नहीं करने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेन्टर की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकी। आलम यह है कि नव निर्मित भवन में अब अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऑर्थो विभाग का संचालन शुरू कर दिया है जबकि अस्पताल में सड़क दुर्घटना से गंभीर मरीज के पहुंचने तथा ट्रामा सेन्टर की सुविधा नहीं होने पर परिजन मरीज को निजी संस्था ले जाने को मजबूर है।




मेडिकल कॉलेज अस्पताल का ट्रामा सेंटर।

**होगी सारी सुविधाएं**

निजी अस्पताल की भांति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगभग 3 करोड़ 50 लाख की लागत से ट्रामा सेन्टर की सुविधा होने वाली है। एक करोड़ की लागत से जहां ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण कराया गया है जबकि शेष राशि से उपकरण सहित अन्य सुविधाएं एक ही भवन में उपलब्ध होगी। सड़क दुर्घटना से आने वाले गंभीर मरीज का एक्स-रे, ओटी सहित जांच की सारी सुविधा होगी और चिकित्सकों की एक अलग टीम होगी जो मरीज के जांच सहित त्वरित ऑपरेशन के लिए तैयार रहेंगे।

**भवन में जगह की कमी**

1 करोड़ की लागत से ट्रामा भवन का निर्माण किया गया है परंतु भवन में उपकरण सहित ओटी व जांच कक्ष व मरीजों को रखने लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में अब भवन पर एक और फ्लोर का निर्माण होना है। प्रथम फ्लोर पर वार्ड सहित ओटी व अन्य कक्ष का निर्माण किया जाएगा। ट्रामा सेन्टर के लिए कुल 3 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति की गई है जिसमें 1 करोड़ की राशि सिर्फ भवन निर्माण करना है।

**कुछ काम है शेष**

ट्रामा सेंटर भवन तैयार है लेकिन भवन में पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही भवन में कुछ काम शेष है। ट्रामा सेंटर के लिए कुछ उपकरण खरीदी की गई है। शेष उपकरण व भवन में काम पूर्ण होने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रामा सेंटर की सुविधा शुरू हो जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

---

## आमगांव सहक्षेत्र प्रबंधक समेत 13 माइनिंग अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 13 माइनिंग अफसरों का रविवार 27 अप्रैल को तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है।जारी तबादला आदेश में एसईसीएल बिश्रामपुर आमगांव ओसीएम सहक्षेत्र प्रबंधक अवधेश कुमार झा का तबादला कर उन्हें रायगढ़ क्षेत्र के बरौद सहक्षेत्र का नया सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किया गया है। श्री झा की जगह मदननगर भटगांव के सहक्षेत्र प्रबंधक अश्वनी चंद्रा को आमगांव ओसीएम का नया सहक्षेत्र प्रबंधक नियुक्त किया गया है। वहीं बिश्रामपुर के केतकी भूमिगत खदान परियोजना के मैनेजर रविशंकर त्रिपाठी को सहक्षेत्र प्रबंधक मदननगर भटगांव नियुक्त किया गया है।

उनकी जगह जमुना कोतमा में पदस्थ सीनियर मैनेजर माइनिंग ई 6 विनम्र जैन को केतकी खदान का मैनेजर नियुक्त किया गया है।जारी तबादला आदेश में सुरेन्द्र सिंह चौहान जीएम ऑपरेशन एवं एसओ पी एंड पी कुसमुंडा कोरबा एरिया को एसओ पी एंड पी सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।अरविंद कुमार रॉय सब एरिया मैनेजर बरोद रायगढ़ को जीएम ऑपरेशन एंड एसओ पी एंड पी कुसमुंडा एरिया नियुक्त किया गया है।परिमल दिनेशचंद्र मावावाला सब एरिया मैनेजर अमलाई धनपुरी सोहागपुर एरिया को एसओ पी एंड पी रायगढ़ क्षेत्र नियुक्त किया गया है।पी रमन्ना एसओ पी एंड पी सोहागपुर एरिया को सब एरिया मैनेजर अमलाई धनपुरी सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।रजनेश पांडेय एसओ पी एंड पी हसदेव एरिया को सब एरिया मैनेजर झिरिया हसदेव एरिया नियुक्त किया गया है।जादूमनी साहू सब एरिया मैनेजर झिरिया हसदेव से सब एरिया मैनेजर रानी अटारी विजय वेस्ट चिरमिरी एरिया नियुक्त किए गए हैं।इसी कड़ी में चीफ मैनेजर मनोज कुमार हेड क्वार्टर से एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा एरिया, बी हरीबाबू सब एरिया मैनेजर रानी अटारी को सब एरिया मैनेजर से राजेंद्र खैराहा सोहागपुर एरिया नियुक्त किया गया है।डॉ जयदीप दत्ता चीफ मैनेजर ए एस एम चिरमिरी एरिया से एसओ पी एंड पी हसदेव एरिया नियुक्त किया गया है।बता दें कि हाल ही में गत 15 अप्रैल को एसईसीएल के शीर्ष प्रबंधन ने तीन क्षेत्रों के महाप्रबंधकों समेत कुल 33 माइनिंग अफसरों का तबादला कर उन्हें अलग अलग क्षेत्रों में पदस्थ कर नई जिम्मेदारी दी है जिसके ठीक तेरह दिनों बाद पुनः13 माइनिंग अधिकारियों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

## एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर शनिवार को भाजपा की बैठक संकल्प भवन में हुई।

बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में अभियान के संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी ने कहा कि सभी स्तरों से प्रस्ताव पारित कराना है। विधायकों को आम जनता एवं समुदायों के बीच कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। बार-बार चुनावों से विकास कार्य रूकते हैं कार्यकर्ताओं को बार-बार मेहनत करनी पड़ती है और मतदाता सूची में एकरूपता नहीं रहती। वन नेशन, वन इलेक्शन से इन समस्याओं का समाधान होगा और आर्थिक रूप से देश को लाभ होगा। जिला संयोजक मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि 1967 में एक संशोधन द्वारा भारत में अलग-अलग समय पर चुनावों की परंपरा शुरू हुई थी। लगातार चुनाव कराने से भारी खर्च होता है तथा लगभग डेढ़ साल तक पूरा सरकारी तंत्र चुनावों में व्यस्त रहता है। फर्जी मतदाताओं की समस्या बढ़ती है और सेना व प्रशासन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। वन नेशन वन इलेक्शन से लगभग 5 लाख करोड़ रूपए की बचत संभव हैं। पंचायत से लेकर विश्वविद्यालय व्यापारिक और सामाजिक संगठनों तक प्रस्ताव पास कराकर जागरूकता बढ़ाई जाए। प्रशांत शंकर त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से उसे आत्मसात करने और सरल पोर्टल पर कार्यक्रमों की जानकारी अपलोड करने का आह्वान किया। नीलेश सिंह ने कहा कि सभी स्तरों पर प्रस्ताव पारित कराकर आगे भेजना है। संतोष दास सरल ने पोर्टल पर कार्यक्रमों की जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई। विनोद हर्ष ने कहा कि आज कई बार एक ही व्यक्ति सांसद और विधायक दोनों चुनाव लड़ता है जिससे अन्य योग्य लोगों को अवसर नहीं मिल पाता। वन नेशन, वन इलेक्शन से इस स्थिति में सुधार होगा और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वैभव सिंहदेव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में महापौर मंजूषा भगत, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, देवनाथ सिंह पैकरा, फुलेश्वरी सिंह, राजकुमार बंसल, डीके पुरिया, विकास पाण्डेय, मधु चौदहा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर ट्राली के पीछे टकराया बाइक सवार एक की मौत

**बतौली/सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के सामने ट्रैक्टर ट्राली के पीछे बाइक में सवार टकरा गए। दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया गया जहां एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। ग्राम मंगारी निवासी आकाश आ. हीराचंद अपने दो साथी शनि व दीपराज के साथ खरीदारी कर बाइक सीजी 15 डी जेड 8554 से घर मंगारी वापस आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के सामने पहुंचे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में मंगारी की ओर आ रहा अज्ञात ट्रैक्टर वाहन के ट्रॉली से जा टकरा गए।

### डीएवी स्कूल में छात्राओं के लिए टॉयलेट की समस्या दूर कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं की संख्या के हिसाब से बाथरूम व टॉयलेट की कमी होने से आ रही समस्या के निराकरण हेतु एक अभिभावक ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 1 बी 44 मंगत राम चौक निवासी अविनाश प्रताप सिंह ने उल्लेख किया है कि डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर का संचालन एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा किया जाता है।

उन्होंने उल्लेख किया है कि देश में स्वच्छ भारत मिशन में केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक की ग्राउंड फ्लोर की बिल्डिंग में पढ़ने वाली सभी बालिकाएं जिनकी संख्या करीब 300 से 400 है और उनके लिए मात्र एक ही टॉयलेट व बाथरूम है।साथ ही उक्त बाथरूम में कई कमियां भी हैं, जैसा कि उसके दरवाजे में कुंडी नहीं लगी है, ऊपर के बाथरूम का गंदा पानी रोशनदान से अंदर बाथरूम की तरफ गिरता है, दरवाजे में कुंडी नहीं होने के कारण एक बच्ची बाहर दरवाजे में खड़ी होती है, तब दूसरी बच्ची बाथरूम करने अंदर जा पाती है। लंच टाइम में विकसित भारत के डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में लड़कियों को बाथरूम में लाइन लगानी पड़ती है। वयस्क बच्चियों को मासिक धर्म के समय भी अगर टॉयलेट बाथरूम में लाइन लगाना पड़े तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि जल्द ही डीईओ सुरजपुर को डीएवी पब्लिक स्कूल के औचक निरीक्षण में भेजा जाए और समस्या को सही पाए जाने पर जल्द ही पुराने बाथरूम को रिपेयर कराया जाए। साथ ही लड़कियों की जनसंख्या के हिसाब से नए बाथरूम टॉयलेट का निर्माण कराया जाए ताकि किसी भी बच्ची को बाथरूम में लाइन ना लगाना पड़े।ज्ञापन को टीएल मीटिंग में शामिल कर एसईसीएल के अधिकारियों से बाथरूम टॉयलेट की संख्या कमी को दूर कराए जाने की मांग की गई है।

---

### आतंकी हमले की एनएसयूआई ने की निंदा, आतंकवाद का फूंका पुतला

**प्रतापपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एनएसयूआई ने कड़ी निंदा की तथा आतंकवाद का पुतला दहन किया।। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के मार्गदर्शन में



एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशानुसार एनएसयूआई द्वारा के शहीद हुए सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पुराना बस स्टैंड कॉलेज चौक के पास दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं श्रद्धांजलि दी। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने इस दर्दनाक घटना के लिए नाराजगी भी जताई। इस दौरान चंदन गुप्ता, मो.दिलशाद अंसारी, पंकज सिंह, लालू, धर्मजीत, सोयमा,अजय सिंह, रिजवान अंसारी, रिंकी मरावी, अमरीता सिंह, गीता टेकाम, लालमुनि, चन्दु, सुनील, दानिश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हिंदू संगठनों व भाजपा ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में हिन्दू समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में कश्मीर पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर अंबेडकर चौक में श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च व मशाल रैली निकाली गई। साथ ही स्थानीय बस स्टैंड में आंतकवाद का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।पहलगाम आतंकी घटना में देश के विभिन्न राज्यों के 26 हिंदुओं की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में भटगांव विधायक व महिला बाल विकास मंत्री के प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, ललित गोयल, मनोज पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, बिश्रामपुर नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, संजय भारत, महेश गुप्ता, सूरज सेठी, श्यामा पाण्डेय ने सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री से आंतकवाद हमेशा के लिए खत्म करने की बात कही। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान से वर्ष 1971 में जैसे बांग्लादेश को अलग किया गया था, वैसे ही पाकिस्तान से बलूच को व सिंध को भी एक अलग राष्ट्र बनाने के साथ पीओके को भारत में मिलाने की मांग की गई।वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का समय नजदीक आ गया है। आज भारत सरकार के साथ सभी राजनीतिक दलों के अलावा 140 करोड़ जनता सरकार के साथ खड़ी है। आंतकवादियों ने पूर्व में पुलवामा, उरी, 26/11 मुंबई में, अमरनाथ यात्रा में कई आंतकवादी घटना कर चुके हैं, इस कारण से इनको कठोर दण्ड देना आवश्यक हो गया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े व कैलास सिदार, कृष्णा गोयल, सत्यनारायण जायसवाल, श्यामू शाहू, अज्जू अग्रवाल, सोनी, देवधन राम बिंझिया, फूलबसिया राजवाड़े, प्रमिला साहू, नन्दकिशोरी राजवाड़े, अमर लाल साहू, सुमिर सिंह, दीनानाथ, प्रदीप गर्ग, मनी बग्गा, महेश जायसवाल, रामानंद जायसवाल, पुष्पेंद्र सिंह, श्याम घोषाल व अन्य उपस्थित थे।



### आतंकवाद व पाकिस्तान का किया गया पुतला दहन

**रामानुजगंज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन महावीर गंज चौक पर किया गया। इस अवसर पर पाकिस्तान एवं आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान महबूब खान, अब्दुल अंसारी, अशरफी यादव, इरफान अंसारी, जबार अंसारी, कलाम रंगसाज, जसमुद्दीन अंसारी, अमजद अंसारी, जाबिर हुसैन, नूरताज अंसारी, आशीष यादव, असमुदिन अंसारी, रऊफ अंसारी, मोहम्मद जफर अंसारी, मोहम्मद आफताब अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

# तम्बाकू से हो रही कैंसर समेत कई अन्य बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तम्बाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान और इसके रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम) 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से बचाने हेतु ब्लूमबर्ग परियोजना के सहयोग से संभाग स्तरीय मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड मितानिन समन्वयक एवं स्वस्थ पंचायत समन्वयकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संयुक्त संचालक डॉ अनिल शुक्ला व सीएमएचओ पीएस मार्को ने ने ग्राम स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों के अनुपालन के संबंध में सुझाव दिए। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने जिले में तम्बाकू नियंत्रण की गतिविधियें तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र की सेवाओं तथा धूम्रपान मुक्त जिले के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धूम्रपान या चबाने वाला तंबाकू, गुडाखू, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक उपयोग किया जाता है। तंबाकू के सेवन से कैंसर समेत कई बीमारियां हो रही हैं, इसलिए तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता लाना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सबसे आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों का सेवन करने से बचाएं। इसके लिए सामूहिक



सहभागिता जरूरी है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा अधिनियम 2003 की समस्त धाराओं के बेहतर क्रियान्वयन और जनसमुदाय की सहभागिता और अधिनियम की जानकारी के साथ-साथ जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों को धूम्रपान मुक्त बनाए जाने के लिए सामूहिक योगदान आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य नशा मुक्ति केंद्र, सामाजिक संस्थाओं के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के लिए स्कूल, कालेज, संस्थान और शासकीय विभागों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पुष्पेन्द्र राम द्वारा तम्बाकू नियंत्रण में मितानिनों के साथ-साथ अन्य विभागों की भूमिका एवं समन्वयक के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि धूम्रपान एवं तम्बाकू का उपयोग व गुटखा एवं तम्बाकू चबाना एक बहुत ही आम समस्या है, गुटखा चबाना कई लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, लेकिन इससे निकलना बेहद ज़रूरी है। गुटखा से न केवल मुंह का कैंसर होने का खतरा बढ़ता है, बल्कि यह शरीर के कई अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंचाता है। गुटखा व तम्बाकू छोड़ना में कठिनाई हो सकती है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सही मानसिकता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सही रणनीति के साथ आप गुटखे की आदत से छुटकारा पा सकते हैं। चिकित्सक के उचित परामर्श उपरांत निकोटीन रिप्लेसमेंट उत्पाद मददगार साबित हो सकते हैं, जो गुटखा छोड़ने को और भी आसान बना सकते हैं। तम्बाकू व धूम्रपान न केवल आपके शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसीलिए, तम्बाकू रहित पदार्थ छोड़ने का सही समय अभी है। अपनी सेहत और अपने परिवार के लिए यह कदम उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें। संभागीय समन्वयक प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा सरगुजा संभाग के जिलों में तम्बाकू उपयोग की स्थिति सहित कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने सुझाव दिया गया। इस अवसर पर संभाग के समस्त जिले से विकासखण्ड मितानिन समन्वयक एवं स्वास्थ्य पंचायत सचिव उपस्थित थे।



# मैडम तुसाद संग्रहालय की शोभा बढ़ाएंगे राम चरण...

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम चरण की मोम की प्रतिमा सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाई जाएगी। अभिनेता टॉलीवुड के चौथे सितारे होंगे, जिनकी मोम की प्रतिमा इस प्रसिद्ध संग्रहालय में लगाई जाएगी। पहले यह घोषणा की गई थी कि अभिनेता राम चरण के प्रिय पेट डॉग राइम का मोम का पुतला लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनके मोम के पुतले के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। अब उनके वैक्स स्टैच्यू के लॉन्च की तारीख भी सामने आ गई है। पिछले साल अबू धाबी में आयोजित आइफा अवार्ड्स के दौरान इस सम्मान का परिचय देने के लिए एक विशेष वीडियो दिखाया गया था।

लाइफ Style



# कृति


## मेंटल हेल्थ के लिए सरकार से की ये अपील

एजेंसी ⏭ मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरे बॉलीवुड ने आलोचना की और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हमले से प्रभावित हुए लोगों के लिए सरकार से मदद मांगी। उन्होंने पीड़ितों द्वारा मानसिक आघात का सामने किए जाने पर प्रकाश डाला।

अभिनेत्री ने पहलगाम हमले से प्रभावित परिवारों के लिए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा, 'कुछ विचार हैं, जो मेरे दिल को भारी कर रहे हैं। मैं उन्हें साझा करने के लिए बाध्य महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री ने पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के वास्तविक संघर्षों के बारे में बात की। उन्होंने मेंटल हेल्थ पेशेवरों से पीड़ितों की सहायता के लिए आग्रह किया। अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'मैं हमारी सरकार, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, गैर सरकारी संगठनों और भावनात्मक उपचार के क्षेत्र में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से आग्रह करती हूं। कृपया इन परिवारों तक तक पहुंचें। जो चले गए वो चले गए, लेकिन जो अभी भी यहां हैं, उन्हें हमारी जरूरत है। वो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। उन्हें इससे निपटने में मदद की जा सकती है।' अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में जोर देते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है।' अभिनेत्री ने कहा, 'यह किसी आस्था का काम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों का काम है- एक विकृत, कायर मानसिकता का। लोगों पर उनके सबसे कमजोर समय में हमला करने के लिए क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं चाहिए।

हॉलीवुड मसाला




## ज्वेलरी चोरी मामले में संदिग्ध मांगेगा माफी

**लॉस एंजिल्स।** किम कार्दशियन के साथ हुई डकैती में 10 लोग शामिल थे, जिन पर सशस्त्र डकैती और अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्हीं में से एक ने कहा है कि वह पेरिस ट्रायल के समय माफी मांगेगा। 2016 में किम कार्दशियन के साथ पेरिस में हुई सशस्त्र डकैती के एक संदिग्ध, 71 साल के यूनिस अब्बास ने कहा है कि वह सोमवार से शुरू होने वाले पेरिस ट्रायल के मुकदमे में अपनी गलती स्वीकार करेगा और माफी मांगेगा। अब्बास ने कहा, 'मैं ईमानदारी से माफी मांगूंगा।' पेरिस फैशन वीक के दौरान किम कार्दशियन जिस अपार्टमेंट में रुकी थीं।



## जस्टिन बीबर पर टूटा दुखों का पहाड़...

**लॉस एंजिल्स।** कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके नाना ब्रूस डेल का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि जस्टिन पहले से ही हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल ही में उनके कुछ वीडियोज वायरल हुए थे, जिसमें उनका बर्ताव देखकर उनके फैंस हैरान-परेशान हो गए थे। वाइफ हैली बीबर संग उनके रिश्ते में अनबन और तनाव की अफवाह भी उड़ी थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत नाना को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'पापा, मैं हमेशा आपके सारे पैसे ले लेता था। मुझे याद है कि आपने मुझे खास तौर पर बताया था कि नानी ने आपको हफ्ते के लिए 20 डॉलर का भत्ता दिया था! मैं हमेशा आपको शुक्रवार की रात हॉकी खेल के दौरान स्नैक्स पर खर्च करने के लिए मनाता था।



## 'सितारे जमीन पर' 20 जून को देगी दस्तक

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आमिर ने ये कंफर्म किया कि 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वहीं, फिल्म के मुख्य विषय के बारे में बात करते हुए आमिर ने कहा कि यह कई मायनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है। आमिर के इस खुलासे के बाद अब दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2007 में आई आमिर खान द्वारा निर्देशित 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी बताई जा रही है। 'तारे जमीन पर' में डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया था।



## टेबल टेनिस खिलाड़ी की भूमिका में...

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में सभी का दिल जीत चुके विक्की कौशल अब जल्द ही एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों के बीच पहले से ही मशहूर है। दरअसल, विक्की टेबल टेनिस खिलाड़ी की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाकर खूब वाहवाही बटोर चुके विक्की कौशल मे इस फिल्म के अलावा 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में भी वास्तविक किरदार निभाए हैं। अब, मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक में विक्की कौशल को देखने की इच्छा जताई है। शरत कमल ने कहा कि वह अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को देखना पसंद करेंगे।

टीवी मसाला



## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएगा नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** लंबे समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता में फैंस को चौथी पीढ़ी देखने को मिल रही है। जहां अभीरा और अरमान के किरदार में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित की कैमेस्ट्री पसंद आ रही है तो वहीं लोगों का ध्यान सीरियल की कहानी पर जा रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के लेटेस्ट एपिसोड में पोद्दार परिवार कावेरी का बर्थडे सेलिब्रेट करता हुआ नजर आता है। जबकि अभीरा और अरमान जश्न में शामिल होते हैं। हालांकि, पूरा परिवार जान जाते हैं कि अभीर और चारू एक दूसरे को पसंद करते हैं, जिसके चलते शो के मेकर्स ने नया ट्विस्ट लाने का फैसला किया है। अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अरमान, विद्या से वादा करेगा कि अगर अभीर और कियारा अलग हो गए तो वे गोयनका से रिश्ता तोड़ देंगे। जबकि, दूसरी तरफ अभीर और अरमान के बीच एक और तीखी बहस देखने को मिलेगी। दरअसल, अभीर और कियारा को अभीरा तलाक लेने की सलाह देगी। हालांकि, कियारा ऐसा करने से मना कर देगी और अपने रिश्ते को एक और मौका देने की बात कहेगी। इससे अभीर और चारू हैरान रह जाएंगे। वहीं, अभीर कियारा के फैसले पर सवाल उठाएगा और कहेगा कि वह क्यों उस इंसान के साथ रहना चाहती है, जो किसी और से प्यार करता है। दूसरी तरफ मनीष माफी मांगता है। जबकि मनोज कहता है कि अगर अभीर सच में चारू को पसंद करता है तो वह घर आ सकती है।

## माधुरी के गाने पर 9 आंटियों ने किया डांस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का हर कोई दीवाना है। वहीं, उनके गाने एक दो तीन से लेकर चने के खेत में को फैंस का खूब प्यार मिलता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल



हो रहा है, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के शो डांस दीवाने का है। वीडियो में नौ मांएं एक्ट्रेस को उनके अब तक फिल्मों में दिए किरदार को कॉपी करते हुए डांस परफॉर्मेंस देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो को देखते ही फैंस भी दिल हार बैठे हैं। वहीं फैंस शानदार कहते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो शेयर किया गया था, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के 57वें बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। इसमें भारती सिंह को हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। जबकि माधुरी स्टेज पर आकर नौ माओं के साथ परफॉर्म करती हैं।

## वीकएंड पर 'ग्राउंड जीरो' ने हासिल की बढ़त, 'केसरी 2' ने लगाई छलांग

**मुंबई।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' ने बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को बढ़त हासिल की। बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी कहती इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी काफी प्यार मिल रहा है। वहीं, अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने वीकएंड पर अच्छी बढ़त हासिल की है। सनी देओल की 'जाट' को भी छुट्टी का लाभ मिला है।



*ग्राउंड जीरो :* ग्राउंड जीरो' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की कहानी दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे की कहानी दिखाती है। पहले दिन इसने महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शनिवार को इसने 1.9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म की दो दिनों में कुल कमाई 3.05 करोड़ रुपए हो गई है। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना और गुनीत सिंह जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

*केसरी 2 :* अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 'केसरी 2' ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने सात करोड़ रुपये बटोरें। शुक्रवार को इसने 50 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। पहले सप्ताह में इसने 46.1 करोड़ तक का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.42 करोड़ की कमाई करते हुए इसने 50.52 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। अब शनिवार को आए उछाल की बदौलत इसने 57.15 करोड़ रुपए बटोरे हैं। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

*जाट :* सनी देओल की 'जाट' ने भी शनिवार को कमाई में बढ़त हासिल की। फिल्म ने 1.36 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जोड़े। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कमाई लाख के आंकड़े में थी। हालांकि सनी देओल की 'जाट' को रिलीज हुए 17 दिन हो गए। फिल्म अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है।

## इस वजह से साथी कलाकार को मौसमी चटर्जी ने मारा था थप्पड़, हाथ से निकलीं कई फिल्में...

**नई दिल्ली।** मौसमी चटर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह हमेशा मुखर रहीं और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर कोई पुरुष कलाकार सीमा लांघता तो वह उस पर भड़क जाती थीं। बात हद से ज्यादा बढ़ जाती थी तो वह थप्पड़ तक मार देती थीं। हालांकि, अपनी बेबाकी के लिए उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया बेबाक होने की वजह से उनके हाथ से कई फिल्में निकल गईं।

### पुरुष करते थे फ्लर्ट

सुभाष के झा के साथ बातचीत में मौसमी चटर्जी ने बताया कि वह हद से ज्यादा बढ़ने वाले अभिनेता को थप्पड़ मार चुकी हैं। उन्होंने कहा 'वह इसी के लायक थे। वह सेक्सीस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोष नहीं देती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो-हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही करें। यही तरीका था, जो वे जानते थे। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को उनकी मां लाड़-प्यार करके बड़ा करती हैं, फिर उनकी पत्नियां और बहनें भी उन्हें लाड़-प्यार करती हैं।'



### बड़े कलाकारों के साथ किया काम

आपको बता दें कि मौसमी चटर्जी ने साल 1967 में 'बालिका वधू' फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह 'अनुराग' में नजर आईं। मौसमी ने अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया।

### हाथ से निकल गए कई रोल

*मौसमी चटर्जी ने बताया कि समझौता न करने की वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। उनसे पूछा गया कि फिल्म 'कोशिश' में उनकी जगह पर जया बच्चन को क्यों लिया गया? इस पर उन्होंने कहा 'इसकी वजह यह थी कि मैं अपनी गरिमा से समझौता नहीं करती, चाहे कुछ भी हो। वह बीते वक्त की बात है। बाद में गुलजार और मेरे बीच सुलह हो गई थी। कई साल बाद 'अंगूर' में साथ काम किया। हरिभाई (संजीव कुमार) 'कोशिश' और 'अंगूर' में भी मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए थे, क्योंकि मैं किसी के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर सकती।'*

## बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की दी है प्रेरणा

# इन फिल्मों को देखकर लोगों को मिला अपराध का आइडिया

*नई दिल्ली। एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखे से एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में कामयाब हो गया। वर्चुअल इंटरव्यू में किसी और को अपनी जगह बैठाकर उसने नौकरी तो पा ली, लेकिन कुछ समय बाद ही उसका भांडा फूट गया। यह कहानी फिल्म ड्रैगन जैसी लगती है, लेकिन आपसे कहा जाए कि असल जीवन में ऐसी घटना हो चुकी है तो आप क्या कहेंगे? तेलंगाना के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रापा साई प्रशांत को इस फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा ही करने की ठान ली। हालांकि, उसका यह कारनामा 15 दिनों में कंपनी के सामने आ गया। दरअसल, कंपनी में काम शुरू करने के बाद सहकर्मियों को शक हुआ, क्योंकि प्रशांत की आवाज इंटरव्यू वाले व्यक्ति से अलग थी। इंटरव्यू में वह धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहा था, लेकिन ऑफिस में उसे बेसिक बातचीत में भी दिक्कत हो रही थी। कंपनी के एचआर विभाग ने जांच शुरू की और वर्चुअल इंटरव्यू के स्क्रीनशॉट को प्रशांत की असली तस्वीरों से मिलाया। तब पता चला कि इंटरव्यू में कोई और था। इस मामले में युवक पर केस दर्ज हो चुका है। प्रशांत का यह कारनामा अकेला नहीं है। बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। आइए, उन फिल्मों और उनसे जुड़ी वास्तविक घटनाओं को विस्तार से जानते हैं।*

**डर :** इस फिल्म में शाहरुख खान एक सनकी प्रेमी, राहुल मेहरा, की भूमिका में नजर आए थे, जो अपने एकतरफा प्यार को पाने के लिए किरण (जूही चावला) का पीछा करता है। वह न केवल उसका अपहरण करने की कोशिश करता है, बल्कि हिंसा और धमकियों का सहारा लेता है। इस किरदार की सनक ने दिल्ली के एक युवक को इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा करना शुरू कर दिया। उसने स्नैपडील में काम करने वाली एक लड़की का एक साल तक पीछा किया। वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता था। आखिरकार, उसने लड़की का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया।



**हिंदी मीडियम :** इरफान खान की इस फिल्म में एक परिवार अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को झूठा दिखाता है। 2013 में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक परिवार ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया। उन्होंने दिखाया कि वे झुग्गी में रहते हैं और उनकी सालाना आय 67 हजार रुपये है, जबकि हकीकत में वे करोड़ों कमा रहे थे।



**स्पेशल 26 :** अक्षय कुमार की यह फिल्म 1987 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जहां नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 35 लाख रुपए लूटे गए। फिल्म रिलीज के बाद मुंबई में 2013 में एक ऐसा ही मामला सामने आया। कुछ लोग नकली अधिकारी बनकर कारोबारियों पर छापे मारकर 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।





**धूम :** इस एक्शन फिल्म ने सुपरबाइक्स को भारत में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, फिल्म में जॉन अब्राहम और उनके गिरोह द्वारा कसीनो की दीवार तोड़कर लूट का दृश्य कई अपराधियों को भा गया। केरल में एक गिरोह ने शोरूम की दीवार तोड़कर 8 करोड़ रुपए की चोरी की जो धूम की शैली से मिलती-जुलती थी।

*__बंटी और बबली :__ अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की यह फिल्म दो ठगों की कहानी है, जो चालाकी से लोगों को लूटकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं। इस फिल्म से प्रेरित होकर दिल्ली में एक जोड़े ने 2013 में ठगी का धंधा शुरू किया। वे लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे लूटते और फरार हो जाते। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बंटी और बबली से प्रेरणा लेने की बात कबूली।*



*__दृश्यम :__ अजय देवगन की यह थ्रिलर फिल्म एक ऐसी कहानी है, जहां एक आम आदमी अपनी बेटी और पत्नी द्वारा की गई हत्या को चतुराई से छिपाता है। उसकी योजना इतनी सटीक है कि पुलिस को भनक तक नहीं लगती। इंदौर में एक राजनेता ने इस फिल्म की नकल करने की कोशिश की। उसने एक लड़की की हत्या की और पुलिस को चकमा देने के लिए अपने घर के पीछे एक कुत्ते के बच्चे को मारकर सबूत छिपाने की कोशिश की। लेकिन, उसका अपराध जांच में सामने आ गया।*



28-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/28/2025 8:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### वाटर फिल्टर सुधारने का कार्य जारी



**बैकुण्ठपुर।** शहर में बंद वाटर फिल्टर को शुरु करने का कार्य जारी हो गया है। हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद नगर पालिका प्रशासन ने शहर के बंद पड़े वाटर फिल्टरों की मरम्मत शुरू कर दी है। नगर पालिका के कर्मचारी सोमवार सुबह से ही विभिन्न चौकों और सार्वजनिक स्थलों पर बंद पड़े वाटर कूलर और फिल्टरों की जांच करते नजर आए। कई स्थानों पर बिजली कनेक्शन दुरुस्त किया जा रहा है, तो कहीं मोटर और कंप्रेसर की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका के सीएमओ संजय दुबे ने बताया कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर सभी वाटर फिल्टर चालू कर दिए जाएंगे ,ताकि भीषण गर्मी में लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध हो सके।

### सारथी अवार्ड से पम्मी सम्मानित



**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ द वी क्लब ऑफ इंडिया 323-जी -3 अपराजिता की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस स्पंदन अलंकरण समारोह में एरिया 1 की एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा को उत्कृष्ट गतिविधियों एवं सेवा कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ एरिया अफिसर तेजस्विनी आफ द सविताली एवं सर्वश्रेष्ठ सहयोगी सारथी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत छग एवं मध्यप्रदेश के 32 क्लब आते हैं। वर्ष 2024-25 की गतिविधियों के आधार पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं समाज सेवा गतिविधियों के मूल्यांकन के पश्चात यह पुरस्कार दिया गया। एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा ने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया द्वारा दिए गए पुरस्कार के लिए आभार व्यक्त किया एवं एरिया वन के अंतर्गत आने वाले सभी क्लबो को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग अतुलनीय है।

### कलेक्टर ने उद्यान रोपणी का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा शासकीय उद्यान दतिमा एवं शासकीय उद्यान सोनपुर (सी) का निरीक्षण किया गया,यहां पर उन्होंने रोपणी में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी उपस्थित अधिकारीयों से ली। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्ट्रक्चर, पोलीहाउस, शेडनेट इत्यादि का अवलोकन किया और रोपणी में हो रहे पौधों के उत्पादन कार्य व पौधों के उचित रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित उद्यान अधीक्षकों को किसानों के मांग अनुरूप सब्जियों की सीडलिंग करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के किसानों को उत्तम किस्म के पौधे प्राप्त हो सकें।

## परिसर को पोल व तार से किया गया घेराव

# मंत्री की पहल पर 10 माह से बंद स्कूल परिसर से हटा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**

- बरसात के दौरान पानी भरने के कारण 10 महीनें से बंद था स्कूल

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर तहसीलदार संजय राठौर के नेतृत्व में बसकर प्राथमिक शाला परिसर का बेजा कब्जा हटाकर स्कूल के नाम दर्ज 15 डिसमिल भूमि का घेराव किया गया। तहसीलदार ने स्कूल परिसर में पुनः अतिक्रमण होने पर तत्काल सूचना देने का निर्देश ग्राम पंचायत को दिया।

विकासखण्ड भैयाथान के ग्राम बसकर प्राथमिक शाला परिसर की आधी से अधिक जमीन पर गांव के ही सुखराम सिंह ने कब्जा कर लिया था तथा धान व गेहूं की खेती कर रहा था। स्कूल परिसर की नाली को भी पाट दिया था जिससे बरसात के मौसम में स्कूल परिसर व भवन की नींव में जल भराव हो रहा था जिससे नींव में दरारें पड़ गई थी। एहतियातन शिक्षा विभाग ने बीते जुलाई में स्कूल को बंद कर दिया और प्राइमरी स्कूल को मिडिल स्कूल के भवन में संयुक्त रूप से संचालित किया जाने लगा। मामले की शिकायत जन प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसडीएम, डीईओ से की तथी लेकिन एक साल का समय गुजरने के बाद भी कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी हालांकि पूरे मामले की जानकारी विभाग को थी। बीते दिनों गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत बसकर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची तो सरपंच सुरेश सिंह व ग्रामीणों ने उनसे स्कूल परिसर का कब्जा हटाने की मांग की। उन्होंने तत्काल एसडीएम सागर सिंह को जांच कर बेजा कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इस समस्या के समाधान हेतु उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू व सरपंच सुरेश सिंह को राजस्व अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समाधान करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मामले को लेकर सरपंच व मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम सागर सिंह से मुलाकात कर पुनः समाधान की मांग की थी जिस पर शनिवार को तहसीलदार संजय राठौर के नेतृत्व में हल्का पटवारी पीताम्बर कुशवाहा, पुलिस बल ग्राम में पहुंचे तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में प्राथमिक शाला परिसर में बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई कर स्कूल के नाम दर्ज 15 डिसमिल भूमि को चिन्हांकित कर क्रांकीट पोल व तार से घेराव कराया। तहसीलदार ने सरपंच व ग्रामीणों से घेराव को किसी भी व्यक्ति द्वारा नुकसान पहुंचाने या अतिक्रमण करने पर तत्काल इसकी सूचना देने की बात कही। इस त्वरित कार्रवाई के लिए उपस्थित ग्रामीणों ने तहसीलदार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान सरपंच सुरेश सिंह, बंकट सिंह, बिंद्रा गुप्ता, धनेश्वर सिंह, सुबेलाल सिंह, नंदलाल सिंह, राजेश सिंह, मुकेश सिंह, महेश सिंह, विजय सिंह, चंद्रदेव सिंह, गुलशन यादव, भूपेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह, राजू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



अतिक्रमण मुक्त परिसर का घेराव करते मजदूर।

### तहसीलदार की सख्ती से सहमा कब्जाधारी

तहसीलदार संयज राठौर के नेतृत्व में जब बसकर प्राथमिक स्कूल परिसर में पटवारी व पुलिस बल पहुंचा तो स्कूल के नाम दर्ज भूमि को चिन्हांकित करने के लिए भूमि नापने लगे। इस दौरान बेजा कब्जाधारी सुखराम सिंह भूमि नापने से मना किया तो तहसीलदार ने कहा स्कूल के नाम 15 डिसमिल भूमि दर्ज है जिससे बेजा कब्जा हटाते हुए पोल व तार से घेराव भी करना है। अगर कार्रवाई में कोई भी रूकावट डालने का प्रयास करेगा तो सीधा जेल जाएगा। तहसीलदार के कड़े रूख को देखकर अतिक्रमणकारी वहां से चला गया और राजस्व दल ने बेजा कब्जा हटाने के बाद घेराव करा दिया। ग्राम के सरपंच सुरेश सिंह स्कूल परिसर से अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्रामीणों के साथ चुनाव के पूर्व से ही लगातार पहल कर रहे थे। उन्होंने युवा दल का गठन कर इसके समाधान हेतु कलेक्टर, डीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, बीईओ कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया तथा आवेदन देकर समाधान का निवेदन किया लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भी उन्होंने ग्राम का बड़ा आपदा बताते हुए मामले के समाधान की गुजारिश की। सरपंच के लगातार प्रयासों से विद्यालय परिसर की भूमि का बेजा कब्जा हटाने में सफलता मिली।

# कटकोना में ग्रामीणों ने की कठोरी पूजा



पूजा करते ग्रामीण

**कटकोना।** प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी कटकोना में कठोरी पूजन का अनुष्ठान किया गया। इसमें ग्राम के सभी किसान ग्राम देवता एवं धरतीडांड़ में एकत्र होकर पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए देवताओं सहित धरती, पेड़, जल, जंगल अन्न व किसानी में उपयोग आने वाले उपकरणों की पूजा करते हैं। कठोरी पूजा के दिन जब तक पूजा पूर्ण नहीं होती, तब तक गांव में पानी भरने, जमीन खोदने व पेड़ों में शस्त्र चलाने पर पाबंदी रहती है। पूजा का पानी घर-घर पहुंचने के बाद ही लोग पानी भरना शुरू करते हैं। प्रकृति की पूजा कठोरी पूजा के दिन किसान मुख्य रूप से ग्राम के बैगा की उपस्थिति में जल, वन, धरती की पूजा करते हैं और हाथ से हल चलाकर अन्न के बीज की बुवाई करते हैं।

### क्या हैं पूजा के नियम

इस दिन ग्राम के कोटवार से मुनादी कर ग्राम में जब तक इन सभी देवताओं की पूजा न हो जाए, तब तक पानी भरने, पेड़ों पर किसी तरह का औजार चलाना, धरती खुदाई जैसे कार्यो को प्रतिबंधित कर दिया जाता है। जब देव स्थान का पानी हर किसान के घर पहुंच जाएगा, तब सब नियमित रूप से शुरू होगा।

### पटना में अर्पित की गई श्रद्धाजंलि...



**पटना।** बीते दिनों पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में नगर पंचायत पटना में कैंडल जला कर शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# छग पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** सेवानिवृत्त जीवन केवल विश्राम का नहीं, अपितु सम्मान और गरिमा का समय है। आइए हम मिलकर अपने अनुभव, परिश्रम और सेवा के प्रतिफल को एक सशक्त संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाएं। पेंशनर भवन केवल एक इमारत नहीं, हमारी एकजुटता और आत्मसम्मान का प्रतीक होगा। उक्त बातें छग पेंशनर्स कल्याण संघ जिला-एमसीबी की महत्वपूर्ण बैठक में संघ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जीपी बुनकर ने कही। बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने संगठन की गत वर्षीय आय-व्यय रिपोर्ट, लेखा परीक्षण, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से पेंशनर भवन के निर्माण को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। पेंशनर्स की दीर्घकालिक आवश्यकता को देखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर पेंशनर भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस महत्वपूर्ण विषय पर बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन छग पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद बुनकर ने किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में मनोहर लाल गुप्ता, आरपी नावेद, सतीश उपाध्याय, पुष्कर लाल तिवारी, भीमसेन सोनी, जवाहरलाल राजवाड़े, प्रशांत कुमार तिवारी, मुख्तार अली, सीएल नागवंशी, गणेश प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त प्राचार्य जीके कुरचनिया, आर. कुमार, व्हीपी पटेल, गोपाल प्रसाद बुनकर सहित अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

# पनिका समाज की ब्लॉक कमेटी गठित, दीपक बने अध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय पनिका समाज की ब्लॉक कमेटी का गठन रविवार को ग्राम पर्चा बस्ती में आंधी-तूफान के बीच संपन्न हुआ। आयोजन में समाज के पदाधिकारियों ने नियमानुसार चुनाव कर पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया।

कमेटी में दीपक कुमार कुलहरिया को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद गायग्वाल, कोषाध्यक्ष मोहर साय, सचिव सरवन कुमार कुलहरिया और इंद्रपाल भीमगा को सहसचिव चुने गए। युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय चिकनजूरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सोनवानी व सुभाष पंडवार तथा युवा मोर्चा सचिव योगेश कोरमा बने। महिला मोर्चा सचिव का दायित्व उर्मिला को सौंपा गया। पुरूष मीडिया प्रभारी के रूप में लालदास महंत और महिला मीडिया प्रभारी के रूप में शीतल पंडवार को जिम्मेदारी दी गई। वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य के रूप में दिलबंधु तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में महेश कुमार, विजय कुमार कोराम, राजेश कोराम, संतोष कुमार, श्रीराम, विष्णु प्रसाद और अजय कुमार का चयन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय पनिका समाज के संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष सतनारायण गोयन, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राजाराम जांता, हुकुमचंद भीमगा, राजू गोयन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश पंडवार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता ग्वाले समेत काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समारोह में रानी देवांगन, हीराकली, राजेश्वरी, गायत्री, सोनमती, मालती, सरस्वती, विमल राम, शांति, बंटी, विनोद कुमार, मंगलेश्वर, दीपक कुमार, राम लखन, संजय, अजीत प्रसाद पंडवार, अरविंद कुमार सोनवानी, बच्चा लाल कुलदीप, प्रवीण कुमार गोयल, शिवनारायण गोयन, रूपलाल सोनवानी, अंगद प्रसाद कुलदीप, मुन्नाराम पंडवार, राजेश गोयन, संदीप कुमार, राममिलन और विनोद कुमार गोयन सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। समाज के नवचयनित अध्यक्ष दीपक कुमार कुलहरिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई भावभीनी विदाई



**नागपुर।** शैक्षणिक संकुल केन्द्र नागपुर ए के तत्वावधान में सोमवार को लाई स्कूल परिसर में गर्वमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नागपुर के सेवानिवृत्त प्राचार्य गिरीश कुमार कुरचानिया को सादगीपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ।

समारोह में सहायक शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ विकासखंड वीरेन्द्र पांडे, बीआरसी प्रमुख सुंदर राम कैवर्त्य, वरिष्ठ नागरिक बुद्धसेन सिंह, मुख्त्यारपारा पंचायत सरपंच श्रीमती मालती सिंह, प्रधान पाठक दिनेश कुमार राय, संकुल समन्वयक दुर्गा प्रसाद जायसवाल, रूपनारायण राय, लव कुमार साहू सहित गणमान्य अतिथि एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत चिरईपानी मिडिल स्कूल की शिक्षिका श्रीमती सीमा तिवारी एवं श्रीमती अनामिका द्वारा हारमोनियम, तबला और बैंजों की संगति में मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति से हुई। इसके बाद सभी अतिथियों ने प्राचार्य कुरचानिया को शाल-श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

# आरोग्य शिविर में ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार

**मनेन्द्रगढ़।** एकल अभियान के तत्वाधान में ग्राम सीरियाखोह में एक विशेष आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुष, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार किया गया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में डॉ. पूर्णिमा सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए दिनचर्या, संतुलित आहार, स्वच्छता और नशामुक्ति के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निरोगी जीवन के लिए नियमित जांच और सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। एकल अभियान की कार्यकर्ता सीमा सिंह ने भविष्य में भी दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में इस प्रकार के शिविर लगाकर सतत उपचार एवं जनजागरण अभियान को जारी रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि एकल अभियान के माध्यम से समय-समय पर आरोग्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं उन क्षेत्रों तक भी पहुंच सकें, जहां सुविधाओं का अभाव है, इसके अतिरिक्त, एकल अभियान द्वारा 10 संघों में 300 विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से गांवों के बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। समिति समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर अंचल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अंचल सचिव आरडी दीवान, सीमा सिंह, कृष्णा निशि, सरोज अग्रवाल, नवनीत कुशवाहा, संच प्रमुख कृष्ण कुमार यादव तथा सीरियाखोह के सरपंच सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
**ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ../अ-21/2024-25**
**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री रामभान सिंह आ. भूपेन्द्र सिंह जाति क्षत्रिय निवासी एम.एल.ए. नगर बैकुण्ठपुर जिला कोरिया ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि 243/9 रकबा 0.0090 हे. भूमि व निर्मित भवन को अनावेदक श्री सुधीर गुप्ता आ. गणेश प्रसाद गुप्ता वैश्य निवासी बाजारपारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को विक्रय करने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 13/05/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 28/04/25

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
**ईकोर्ट रा.प्र.क्र. .../अ-21/2024-25**
**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री संजीव चक्रवर्ती आ. स्व. प्रदीप कुमार चक्रवर्ती जाति ब्राम्हण निवासी भैंसा दफाई पोस्ट हल्दीबाड़ी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि 242/22 रकबा 0.009 हे. को अनावेदिका श्रीमती निधि गुप्ता पति श्री संजय गुप्ता जाति वैश्य निवासी बाजारपारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को विक्रय करने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 13/05/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 28/04/25

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### रेलवे मनोरंजन ...

बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों, उनके बच्चों तथा परिवारजन ने नाटक, नुक्कड़ नाटक, ड्रामा, संगीत, गीत, एकल एवं समूह नृत्य, मिमिक्री, रंगोली तथा पेंटिंग जैसी विविध प्रतियोगिताओं में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों और बड़ों ने समान उत्साह से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मंच को जीवंत कर दिया, जिससे आयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेलवे मनोरंजन सदन के उपाध्यक्ष राघवेन्द्र वर्मा, सचिव राजेश सिंह, जगजाहिर लाल, ए. मुरली तथा युवराज पोर्ते का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डीएमओ मनेन्द्रगढ़, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य एवं राजेश खोबरागड़े की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता जताई।











